पंजाब केसरी 09/10/2025

# वैदिक गणित समय प्रबंधन और समस्या समाधान का सशक्त माध्यम : डॉ. रोहित दत्त



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वैदिक गणित विषय पर आधारित सैमीनार में भाग लेते विशेषज्ञ व विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 8 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के गणित विभाग द्वारा बुधवार को वैदिक गणित विषय पर एक प्रेरणादायी सैमीनार का आयोजन किया गया।

अपने उद्बोधन में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वैदिक गणित समय प्रबंधन और समस्या समाधान का सशक्त माध्यम है। वैदिक गणित न केवल हमारी प्राचीन भारतीय ज्ञान-परंपरा का अमूल्य हिस्सा है, बल्कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के लिए समय प्रबंधन और समस्या समाधान क्षमता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम भी है। गणित जैसे विषय को सरल, रोचक और रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करना ही इस सैमीनार का मुख्य उद्देश्य रहा, जिसमें हमारे विद्यार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई।

इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश ने संसाधन व्यक्ति के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया और वैदिक गणित की विभिन्न तकनीकों एवं उनके व्यावहारिक प्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर वैदिक गणित की त्वरित गणना विधियों को समझा।

इस अवसर पर विभाग की प्राध्यापक डॉ. पिंकी ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वैदिक गणित विद्यार्थियों की गणना संबंधी झिझक को दूर करने का एक अद्भुत साधन है। इसकी तकनीकें मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।

कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्यभार इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी ने संभाला। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य कॉलेज के हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. सुजाता, डॉ. एस.के. पाण्डे, डॉ. अनीश, प्रो. प्रियंका, प्रो. उपिंदर, प्रो. अर्चना आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की झलकियों को फोटो के रूप में संजोने का कार्य कॉलेज के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों रमनी, परितोष तथा राघव ने किया।